1	2	3
	आई आर डी पी /ट्राईसेम	
	स्व-रोजगार/प्रशिक्षण के लिए कार्यक्रम का बेहतर उपयोग ।	स्थानीय विशेष व्यवसायों/धंधों को ध्यान में रखते हुए अल्पसंख्यक बाहुल्य जिलों के लिए राज्य सरकारों को जिला वार योजना से तैयार करनी है। आंध्र प्रदेश, हरियाणा, केरल, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश द्वारा कार्य योजनायें पहले ही तयार की जा चुकी हैं ।
	ऋण सहायता ।	
	अल्पसंख्यक बाहुल्य जिलों में ऋण की उपलब्धता के लिए कार्यक्रम ।	मार्च, 1991 तक अल्पसंख्यक बाहुल्य जिलों में 213 शाखा खोली गई 198 अतिरिक्त केन्द्रों का निर्धारण किया गया।
सूत्र सं० 15 और 16		
शिकायतों का समाधान, वक्फ आदि पर अधिक्रमण को हटाना।	वक्फ संपत्तियों/कब्रिस्तानों आदि पर अतिक्रमणों से संबंधित शिकायतों संबंधी समस्याओं से निपटने, शिकायतों को दूर करने के लिए शीघ्र और संतोषजनक आधार पर उपाय करना ।	इस संबंध में राज्य सरकारों को समय-समय पर दिशा निर्देश जारी किए गए हैं ।

अनुसूचित जाति विकास निगम द्वारा आबंटित धनराशि का पूरी तरह से उपयोग न करना

480. **श्री अजीत जोगी :**
कुमारी आलिया :

क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गत तीन वर्षों के दौरान अनुसूचित जाति विकास निगम के लिए स्वीकृत धनराशि का पूरी तरह से उपयोग नहीं किया गया है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(ग) स्वीकृत धनराशि का पूरी तरह से प्रयोग न किए जाने के क्या कारण हैं?

कल्याण मंत्री (श्री सीताराम केसरी) (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है।

मध्य प्रदेश में विकलांग व्यक्तियों के लिए संस्थान

481. **श्री अजीत जोगी :**
कुमारी आलिया :

क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में विकलांग व्यक्तियों के लिए कितने संस्थान कार्य कर रहे हैं;